# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** "मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित "मिशन शक्ति अभियान-5.0'

*सम्मान, स्वालंबन को समर्पित मिशन शक्ति फेज-5.0' पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम थाना बरगढ़ द्वारा चन्द्रेश इण्टर कॉलेज कस्बा बरगढ ,मिशन शक्ति टीम थाना भरतकूप द्वारा अकबरपुर, कस्बा भरतकूप में, मिशन शक्ति टीम थाना रैपुरा द्वारा कृषक इण्टर कॉलेज रैपुरा में, महिला थाना मिशन शक्ति टीम द्वारा कल्याण भारती इण्टर कॉलेज कालूपुर में, मिशन शक्ति टीम थाना कोतवाली कर्वी द्वारा धतुरहा चौराहा, शंकर बाजार कर्वी में, एवं अन्य समस्त थानों की एन्टीरोमियो टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में "मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत छात्र/छात्राओ, महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।*

*इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-*

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट

वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में चौकी सीतापुर पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालक को महज 02 घंटे के अन्दर सकुशल बरामद कर माता-पिता को सुपुर्द किया गया।
उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 27.10.2025 को श्री जोगेंद्र सिंह पुत्र श्री कुंवर पाल सिंह निवासी ग्राम उम्मेदपुर थाना कोतवाली देहात जनपद एटा द्वारा सूचना दिया गया कि उनका पुत्र आदित्य उम्र 04 वर्ष रामघाट गेट के पास से खो गया है। इस सूचना पर तत्काल उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह चौकी प्रभारी सीतापुर मय हमराह आरक्षी अनुज यादव व आरक्षी रविशंकर द्वारा खोजबीन कर बालक को बरामद कर उसके माता-पिता को सुपुर्द किया। माता-पिता द्वारा अपने पुत्र से मिलने पर अत्यंत प्रसन्न होकर चौकी सीतापुर टीम को बार-बार धन्यवाद किया गया।

(3). आज दिनाँक-27.10.2025 को थाना सरधुवा अंतर्गत कस्बा सरधुवा निवासी उ0नि0 स्व0 महानन्द त्रिपाठी महिला थाना प्रतापगढ़ की ड्यूटी के दौरान दिनांक 26.10.2025 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनके शव को राजकीय वाहन से उनके आवास कस्बा सरधुवा लाया गया जहाँ पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह, थानाध्यक्ष सरधुवा श्री राम सिंह एवं अन्य अधि0/कर्मचारीगण द्वारा शव को पुलिस की गार्द ऑफ आनर देकर शोक सलामी की गई तत्पश्चात श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर किया गया।

(4). आज दिनांक 27.10.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपहृत/अपहृता की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री श्रीप्रकाश यादव के मार्गदर्शन में थाना मानिकपुर पुलिस टीम द्वारा 02 अपहृत बालकों को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।
उल्लेखनीय है कि दिनाँक 24.10.2025 को सुबह 8.00 बजे वादिया पिन्की द्वारा अपने दोनों पुत्रों को मोबाइल को लेकर डांट दिया था जिस पर दोनों पुत्र राम,लखन पुत्रगण अभयलाल सोनकर नि0 इन्द्रानगर काशीराम कालोनी मानिकपुर चित्रकूट घर से बिना बताये कही चले गये थे जिसकी सूचना उनकी माँ पिन्की द्वारा दिनांक 24.10.25 को रात्रि 21.44 बजे थाना मानिकपुर दी गयी थी। तहरीर के आधार पर मु0अ0स0 197/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर को बालकों की बरामदगी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।
आज दिनाँक 27.10.025 को उ0नि0 श्री गौरव तिवारी द्वारा आस पड़ोस के सीसीटीवी कैमरा फुटेज की मदद से जानकारी की गयी तो बालकों का रेलवे स्टेशन मानिकपुर आना ज्ञात हुआ जिसके पश्चात रेलवे स्टेशन मानिकपुर चित्रकूट में देखने पर उपरोक्त बच्चे बायां ट्रेन रीवा की तरफ जाते हुए देखा गया। पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए उपरोक्त दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया,बालकों को पाकर परिजनों द्वारा चित्रकूट पुलिस की भूरी-भूरी प्रशन्सा की गयी।
बरामदगी करने वाली टीम –

1.उ0नि0 श्री गौरव तिवारी
2.हे0का0 अशोक शर्मा
3.म0का0 सोनम यादव

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रैपुरा व थाना मऊ पुलिस टीम ने 01-01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

(1).उ0नि0 दिनेश कुमार पाण्डेय मय उ0नि0 सुनील कुमार राय मय हमराह का0 अंकित शुक्ला थाना रैपुरा द्वारा मु0नं0 3938/20 अपराध संख्या 580/20 धारा 279/337 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त रमेशचन्द्र पुत्र देवनरायण निवासी खोर थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट सम्बन्धित थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट गिरफ्तार किया गया।

(2).उ0नि0 श्री अनूप कुमार शुक्ला व मुख्य आरक्षी बृजेश कुमार यादव थाना मऊ द्वारा अपराध संख्या 1127/10 धारा 302 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त चंदन केवट पुत्र रामकेशन निवासी ग्राम काशीनाथ का पुरवा मजरा बियावल थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया

(6). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्ग विजय सिंह एवं पैरोकार महिला आरक्षी कृष्णा गौतम द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री सिद्धार्थ सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट मऊ श्री एस.आनन्द द्वारा आज दिनांक 27.10.2025 को थाना मऊ में पंजीकृत मु0अ0सं0 556/2010 धारा 325 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त 1. अमित सिंह पुत्र अरुण कुमार निवासी रिवारी थाना पनवाद जनपद रीवा 2.बाबा तिवारी उर्फ अतुल पुत्र चन्द्रेश तिवारी निवासी छिवलहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 1500/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

(7). छठ पूजा के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा रामघाट, मंदाकिनी नदी पुल के पास घाट का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुविधाओं का जायजा लिया तथा सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छठ पूजा के दौरान भीड़ प्रबंधन,सुरक्षा हेतु पुलिस बल की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं से अपील कि वे पूजा स्थलों पर भीड़ का पालन करें, बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरन्त नजदीकी पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें। जिला प्रशासन एवं पुलिस बल सम्पूर्ण त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री श्याम प्रताप पटेल,पीआरओ श्री प्रदीप पाल उपस्थित रहें।